हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
24 जनवरी 2025, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि, आगामी 5 सालों में युवाओं को योग्यता के आधार पर दो लाख सरकारी नौकरियां दी जायेंगी।

- हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा है कि 'संविधान सम्मान समारोहों के आयोजन का मक़सद लोगों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है।

- हरियाणा की स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि कुरुक्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय ध्यान बनाने के प्रस्ताव को प्राथमिकता से पूरा किया जायेगा।

- स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि 800 चिकित्सकों की भर्ती की प्रक्रिया जल्द पूरी होगी।

- आज हरियाणा के अधिकतर जिलों में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम अभ्यास किया गया।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार आगामी 5 सालों में युवाओं को योग्यता के आधार पर 2 लाख सरकारी नौकरियां देगी। वे आज लाडवा के धनौरा में इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज के 51वें वार्षिक उत्सव पर आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले 10 सालों में 1 लाख 71 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां दी है। सरकार ने युवाओं को सरकारी नौकरियां देने के साथ-साथ अपना रोजगार स्थापित करने के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया है। मुख्यमंत्री ने कहा -

उन्होंने कहा कि प्रदेश व देश को प्रगति और ऊंचाइयों के शिखर पर ले जाने में शिक्षण संस्थानों का योगदान महत्वपूर्ण है। विकसित हरियाणा के लक्ष्य को पूरा करने के लिए इंदिरा गांधी नेशनल कॉलेज जैसे शिक्षण संस्थानो का अहम योगदान रहेगा। मुख्यमंत्री ने कॉलेज के प्रांगण में पौधा रोपण किया। उन्होंने शिक्षण संस्थान को 21 लाख रुपए अनुदान राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कॉलेज की स्वर्ण जयंती स्मारिका का विमोचन भी किया।

*************************************************************************

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने आज कहा कि हमारा संविधान दुनिया में सबसे सर्वश्रेष्ठ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके 75 वर्ष पूर्ण होने पर आमजन को संविधान के बारे जागरूक करने की पहल की है। श्री बेदी आज जिला जींद मुख्यालय पर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित संविधान सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा -

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुहिम के दस वर्ष पूर्ण होने पर उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री ने पानीपत से यह मुहिम आरंभ की थी उस समय यह विभाग उनके पास था और प्रदेश के 50 प्रतिशत जिलों में लिंगानुपात काफी दयनीय हालत में था। आज इस मुहिम के सार्थक परिणाम हम सब के सामने हैं। प्रदेश में लिंगानुपात में काफी सुधार हुआ है।

***************************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***************************************************************************

स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने कहा है कि कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय ध्यान केंद्र बनाने के प्रस्ताव को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। वह आज पंचकूला में हरियाणा योग आयोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में एक आयुष केंद्र स्थापित किया जाएगा,ताकि योग और प्राकृतिक चिकित्सा के व्यावहारिक और उपचारात्मक दृष्टिकोण को लोगों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम दो महान विभूतियों स्वामी विवेकानंद और महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती को समर्पित है, जिन्होंने शिक्षा, आत्म-चेतना और सामाजिक सुधार के क्षेत्रों में अमिट छाप छोड़ी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेंगी कि हरियाणा योग आयोग को पर्याप्त कर्मचारी मिलें। उन्होंने कहा कि हरियाणा लोक सेवा आयोग के माध्यम से करीब 800 डाक्टरों की भर्ती की प्रक्रिया जल्द ही पूरी होगी, जिससे प्रदेश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने महर्षि पंतजलि की प्रतिमा का अनावरण और हरियाणा योग आयोग के विस्तारित भवन के विस्तार का उद्घाटन किया। उन्होंने आयुष विभाग की वैबसाइट और पत्रिका का विमोचन भी किया और आयुष विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डा. जयदीप आर्य ने पत्रकारों से बातचीत की। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर उन्होंने कहा-

उन्होंने कहा कि योगासन को खेल के रूप में बढ़ावा देना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। खेल विभाग के साथ मिलकर इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुनिश्चित किया जाएगा।

*************************************************************************

आज हरियाणा के अधिकतर जिलों में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम अभ्यास किए गया। भिवानी के भीम स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह के अंतिम अभ्यास में मार्च पास्ट किया गया। देश की समृद्ध संस्कृति और विरासत को भी दिखाया गया। उपायुक्त महाबीर कौशिक ने परेड का निरीक्षण किया।

फरीदाबाद जहाँ राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय तिरंगा फहराएंगे, में पूरे सम्मान और गरिमा के साथ अंतिम रिहर्सल संपन्न हुई। उपायुक्त विक्रम सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान 26 जनवरी को आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का क्रमवार अभ्यास किया गया। रेवाड़ी जहाँ मुख्यमंत्री नायब सैनी 26 जनवरी को ध्वजारोहण करेंगे, में भी अंतिम अभ्यास किया गया। अन्य कई जिलों से भी आज गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम अभ्यास किएजाने के समाचार मिले हैं।

*************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशों के बाद कुरुक्षेत्र के उमरी गांव में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने मौके पर लोगों की समस्याओं का समाधान किया। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उपायुक्त के समक्ष विभिन्न समस्याओं को रखा। इस खुले दरबार में कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों को पक्का मकान और कुछ लोगों को शौचालय मिलने का रास्ता प्रशस्त हुआ। गांव में कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों की सूची तैयार करने के आदेश जारी किए गए।

*************************************************************************

आकाशवाणी और दूरदर्शन 26 जनवरी को कर्तव्य पथ से 76वें गणतंत्र दिवस परेड की लाइव कवरेज करेगा। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क के साथ-साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर किया जाएगा। सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने आज लाइव कवरेज के लिए आकाशवाणी और दूरदर्शन द्वारा की गई तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड का सुचारू प्रसारण सुनिश्चित करने के लिए कैमरे और ऑप्टिकल फाइबर लाइनें बिछाई गई हैं। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि इस बार हाई-क्वालिटी पिक्चर रेजोल्यूशन सुनिश्चित करने के लिए फोर-के कैमरे लगाए गए हैं, जो पहले से आठ गुना बेहतर है।

*************************************************************************